# न्याय निर्णय अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट दौसा

प्रकरण संख्या : 02/2019 एफ एस एस एक्ट

1. सरकार जरिये महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा, जिला दौसा ।

— आवेदक—

बनाम

1. श्री भागचन्द जैन पुत्र श्री मक्खन लाल जैन निवासी मानगंज, स्टेशन रोड, दौसा। विक्रेता—एम0 बी0 सन्स, मानगंज, स्टेशन रोड दौसा।

— अभियुक्त—

जुर्म अन्तर्गत धारा 26 एफएसएस एक्ट 2006 व सपठित नियम 2011

उपस्थिति : श्री महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित।
:अप्रार्थी अभियुक्त स्वयं उपस्थित।

—: आदेश :— दिनांकः— 27.02.2019

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार से है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा के कार्यालय में कार्य सम्पादन कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना (नोटिफिकेशन) क्रमांक एच/पीएफए/नोटिफिकेशन/2011/440 दिनांक 26.07.11 के अनुसार आवेदक को खाद्य सुरक्षा अधिकारी की शक्तियां प्रयुक्त करने के लिए अधिकृत किया गया है तथा श्रीमान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं निदेशक (जन.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राज. जयपुर के आदेश क्रमांक 475 दिनांक 10.08.2011 के द्वारा आवेदक को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा के अन्तर्गत आने वाले समस्त स्थानीय क्षेत्र जिला दौसा आवंटित किया गया है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दिनांक 01.10.2018 को दोपहर 01:10 बजे मैसर्सः— एम0 बी0 सन्स, मानगंज, स्टेशन रोड दौसा स्थित का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय दुकान पर विक्रेता श्री भागचन्द जैन पुत्र श्री मक्खन लाल जैन उपस्थित मिला ने स्वयं को उक्त फर्म का मालिक होना बताया को अपना परिचय देकर व परिचय पत्र दिखाकर उससे खाद्य पदार्थ लाईसेन्स दिखाने के लिए कहा तो उसने खाद्य पदार्थ लाईसेन्स होना जाहिर किया।

निरीक्षण के समय विकेता की दुकान में एक रैक में 250 ग्राम वजन में पॉली पैक मिर्च पाउडर के करीबन 50 पैकिट आम जनता को बेचने हेतु रखे हुये थे में मिलावट का शक होने पर नमूने की जॉच हेतु 8 मूल पाउच 250 ग्राम मिर्च पाउडर खरीदा। जिसकी कीमत 360 रूपये नकद देकर बिल प्राप्त किया।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नमूने के लिये खरीदशुदा 8 मूल पाउच 250 ग्राम मिर्च पाउडर के दो—दो पाउच के चार पैकिट बनाकर चार लेबल तैयार कर लेबलों पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान व एफ.बी.ओ. के हस्ताक्षर करवाकर लेबलों को पैकिटों पर चिपकाकर पैकिटो को अलग—अलग एक खाकी कागज में लपेट कर पैकिटो पर डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. दौसा द्वारा जारी की गई हस्ताक्षरशुदा पेपर स्लीप कोड एवं सीरियल नम्बर **A.G.**—2002 गोंद से चिपकाकर पैकिटो को एक मोटे मजबूत सख्त धागे से बांधकर पैकिटो को चार—चार जगह

न्याय निणय अधिकारी एव
अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा

से चपडी से सील मोहर कर पैकिटो पर एफ.बी.ओ. (विक्रेता) व गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर स्वयं ने हस्ताक्षर कर चारो सील बन्द पैकिटों को अपने कब्जे में लिया।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर फार्म नं. 5 ए की दो प्रतियां तैयार कर उस पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर उसकी एक प्रति एफ.बी.ओ. विक्रेता को देकर उसकी रसीद फार्म नं. 5 ए पर प्राप्त की। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर की गई कार्यवाही की फर्द रिपोर्ट तैयार कर उसे (विक्रेता) एफ.बी.ओ. व गवाहान को पढकर सुनाकर समझाकर उस पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर एफ.बी.ओ. व गवाहान के हस्ताक्षर करवाये।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कार्यालय में आकर फार्म नं. 6 की छः प्रतिया तैयार कर प्रत्येक पर नमूना छाप (सील इम्प्रेशन) लगाकर फार्म नं0 6 की एक प्रति व नमूने का एक सील बंद पैकिट एक आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर तथा फार्म नं0 6 की दो प्रतियां अलग से एक लिफाफे में सील मोहर कर नमूने का एक सील बंद पैकिट व फार्म नं0 6 का सील बंद लिफाफा श्री महादेव प्रसाद सैनी च.श्र.क. मुख्यालय द्वारा दिनांक 03.10.2018 को खाद्य विश्लेषक एवं मुख्य सार्वजनिक विश्लेषक, राज0 जयपुर के यहां जमा करवाये।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

नमूने के दो सील बन्द पैकिट व फार्म नं0 6 की दो प्रतियां एक आउटर कवर में सील मोहर कर स्वयं द्वारा दिनांक 03.10.2018 को डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. दौसा को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की तथा नमूने का चतुर्थ सीलबंद पैकिट व फार्म नं0 6 की एक प्रति आउटर कवर में सील मोहर कर स्वयं द्वारा दिनांक 04.10.2018 को डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की।

उक्त खाद्य पदार्थ मिर्च पाउडर के नमूने की खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट संख्या एल.एस./1564/एक्ट/2018/243 दिनांक 16.10.2018 डी.ओ. व सीएमएचओ दौसा के जरिये आवेदक को प्राप्त हुई। जांच रिपोर्ट के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ मिर्च पाउडर का नमूना मिसब्राण्ड होना पाया गया है।

न्याय निर्णय आवेदन पत्र प्रस्तुत होने पर प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थी अभियुक्त की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं अप्रार्थी अभियुक्त की बहस सुनी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बहस के दौरान निवेदन किया कि खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ मिर्च पाउडर के लेबल पर उत्पाद से सम्बन्धित कोई भी जानकारी अंकित नहीं होने के कारण खाद्य सुरक्षा के पैकेजिंग एवं लेबलिंग नियम 2011 का उल्लंघन होने के कारण उक्त खाद्य पदार्थ मिर्च पाउडर मिसब्राण्ड पाया गया है। अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा बहस के दौरान निवेदन किया गया कि हमारे द्वारा पूर्व में अन्य कम्पनी से खरीदकर उपभोक्ताओं को विक्रय किये जा रहे मिर्च पाउडर में शिकायते आने के कारण हमने स्वयं ही मिर्ची को पिसवाकर मिर्च पाउडर को पैक कर उसका विक्रय करना शुरू किया था एवं हमारे द्वारा पैकिंग में पैक मिर्च पाउडर के नमूने में खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट के अनुसार किसी भी प्रकार की कोई मिलावट नहीं पायी गई है। खाद्य सुरक्षा के पैकेजिंग एवं लेबलिंग नियम 2011 की जानकारी नहीं होने के कारण उक्त खाद्य पदार्थ मिर्च पाउडर के लेबल पर उत्पाद से सम्बन्धित कोई भी जानकारी अंकित नहीं किये जाने के कारण उक्त खाद्य पदार्थ मिर्च पाउडर को खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट में मिसब्राण्ड घोषित किया गया है। नियमो की जानकारी होने के उपरान्त हमारे द्वारा उक्त खाद्य पदार्थ के लेबल पर सभी जानकारी नियमानुसार अंकित करवा दी गई है। श्रीमान जी से निवेदन है कि कानून की जानकारी के अभाव में हुई गलती के लिये कम से कम शास्ति लगाने का श्रम करे।

न्याय निणय अधिकारी एव
अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा

प्र0 सं0 : 02/2019 एफ एस एस एक्ट

हमने उभयपक्ष की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। परिवाद में वर्णित तथ्यों एवं इसके साथ संलग्न दस्तावेजात तथा खाद्य विश्लेषक जयपुर की जांच रिपोर्ट संख्या एल.एस./1564/एक्ट/2018/243 दिनांक 16.10.2018 के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ मिर्च पाउडर के लेबल पर उत्पाद से सम्बन्धित कोई भी जानकारी अंकित नहीं होने के कारण उक्त खाद्य पदार्थ मिर्च पाउडर मिसब्राण्ड पाया गया है। जो एफएसएसए नियम 2006 की धारा 26 (2) (II) का उल्लंघन है। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 52 में निर्धारित है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा खाद्य पदार्थ मिर्च पाउडर मिसब्राण्ड का विक्रय किये जाने से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 (2) (II) का उल्लंघन होने से अपराध कारित होने के फलस्वरूप अप्रार्थी अभियुक्त श्री भागचन्द जैन पुत्र श्री मक्खन लाल जैन निवासी मानगंज, स्टेशन रोड, दौसा, विक्रेता–एम0 बी0 सन्स, मानगंज, स्टेशन रोड दौसा पर 11000/–( अक्षरे ग्यारह हजार रुपये ) शास्ति आरोपित की जाती है। अभियुक्त उक्त शास्ति राशि निर्णय दिनांक 27.02.2019 के एक माह के अन्दर-अन्दर जमा कराकर चालान की प्रति प्रस्तुत करे ।

निर्णय मेरे द्वारा लिखवाया जाकर आज दिनांक 27.02.2019 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

( राजवीर सिंह चौधरी )
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,दौसा
न्याय निर्णय अधिकारी एवं अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा

क्रमांक/ 574-76

दिनांक:– 06.02.2019

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं निदेशालय (जन स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राज0 जयपुर।
2. अभिहित अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा।
3. श्री भागचन्द जैन पुत्र श्री मक्खन लाल जैन निवासी मानगंज, स्टेशन रोड, दौसा विक्रेता–एम0 बी0 सन्स, मानगंज, स्टेशन रोड दौसा

( राजवीर सिंह चौधरी )
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,दौसा
न्याय निर्णय अधिकारी एवं अति0 जिला मजिस्ट्रेट दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official